भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2121

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अमलापुरम में एबी-पीएमजेवाई का कार्यन्वयन

†2121. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश के अमलापुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेवाई) के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों का ब्यौरा क्या है, जिसमें सरकारी और निजी अस्पतालों को अलग-अलग दर्शाया गया है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए आयुष्मान कार्डों, लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या, अस्पताल में भर्ती होने के मामलों, प्रस्तुत किए गए दावों, निपटाए गए दावों और वितरित की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) निर्वाचन क्षेत्र में सूचीबद्ध अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञताओं और उपचार पैकेजों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के तहत सूचीबद्ध किए गए, नए जोड़े गए, निलंबित किए गए और सूची से हटाए गए अस्पतालों की कारणों सहित संख्या कितनी है;

(ङ) उक्त अवधि के दौरान निर्वाचन क्षेत्र में की गई लाभार्थी जागरूकता, आयुष्मान कार्ड नामांकन और आउटरीच गतिविधियों का ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त निर्वाचन क्षेत्र में सूचीबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार करने और एबी-पीएमजेवाई के तहत कवरेज का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च): आंध्र प्रदेश के अमलापुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत कुल 59 अस्पताल पैनलबद्ध हैं, जिनमें से 11 निजी अस्पताल और 48 सरकारी अस्पताल हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान, अमलापुरम संसदीय क्षेत्र में 4 नए अस्पतालों को

पैनलबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त अवधि के दौरान किसी भी अस्पताल को निलंबित या पैनलबद्ध सूची से हटाया नहीं गया है।

अमलापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिलों में बनाए गए आयुष्मान कार्डों का वर्ष-वार और जिला-वार विवरण https://dashboard.nha.gov.in/public/card पर देखा जा सकता है।

आंध्र प्रदेश के अमलापुरम संसदीय क्षेत्र में प्राधिकृत अस्पताल में भर्ती होने के मामलों की संख्या का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	प्राधिकृत अस्पताल में भर्ती होने के मामलों की संख्या
2023-24	25,365
2024-25	29,594
2025-26	32,767

निर्वाचन क्षेत्र में स्थित पैनलबद्ध अस्पताल सहित राज्य में पैनलबद्ध अस्पतालों के माध्यम से 25 स्पेशयलिटी में कुल 2,635 उपचार प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, अमलापुरम निर्वाचन क्षेत्र में पैनलबद्ध अस्पतालों के नेटवर्क को सदृढ़ करने, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने और एबी-पीएमजेएवाई के तहत कवरेज का विस्तार करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। की गई प्रमुख पहलें निम्नानुसार हैं:

- निर्धारित मानकों और उपचार प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पैनलबद्ध नेटवर्क अस्पतालों की नियमित निगरानी और गुणवत्ता मूल्यांकन।
- एबी-पीएमजेएवाई के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों, जिला समन्वयकों और अन्य हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और आवधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम।
- आयुष्मान कार्ड के सृजन और उपयोगिता को बढ़ाने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) कार्यकलापों, नामांकन अभियानों, स्वास्थ्य शिविरों और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से लाभार्थियों की जागरूकता को सुदृढ़ करना।
- कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों की पहचान करने और स्वास्थ्य परिचर्या तक पहुंच तथा योजना के निष्पादन में सुधार के लिए सुधारात्मक उपाय करने हेतु जिला अधिकारियों, नेटवर्क अस्पतालों और अन्य हितधारकों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करना।

*****